Title: Need to save the sugarcane industry by providing a special unconditional package to sugar producing states.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : अध्यक्ष महोदय, देश की अर्थ व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करने वाला चीनी उद्योग सरकार की उदासीनता और प्रबन्धन की लूट के कारण धीरे-धीरे चौपट होता जा रहा है। अलाभकर मूल्य निर्धारण तथा गन्ने के मूल्य भुगतान में देरी के कारण गन्ने की खेती में किसानों की रुचि कम होती जा रही है जिसके चलते गन्ना क्षेत्रफल में निरन्तर कमी होती जा रही है। उ.प्र.के अधिकांश किसानों की तो गन्ना ही एकमात्र नगदी फसल है, लेकिन यहां सार्वजनिक और सहकारी क्षेत्र की अधिकांश मिलें बन्द और बीमार हैं। केन्द्रीय सहायता से इन मिलों का आधुनिकीकरण तथा विस्तार कराया जाना आवश्यक है ताकि देश के इस सबसे बड़े गन्ना उत्पादक राज्य और चीनी मिलों के क्षेत्र में बसे पूरे किसानों की खराब आर्थिक स्थिति सुधर सके और उनकी गरीबी दूर हो सके। मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि वह चीनी उत्पादन करने वाले राज्यों को बिना शर्त विशेा पैकेज देकर चीनी उद्योग को बचाने की कृपा करें।

अध्यक्ष महोदय : श्री अशोक अर्गल - अनुपस्थित